## सार-समाचार

### विवाह बंधन में बंधने के साथ पर्यावरण को बचाने के लिए दुल्हा-दुल्हन को पौधे दिए

**कोटा,** (निसं)। वीर गुर्जर उत्थान समिति द्वारा तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं परिचय सम्मेलन का ग्राम रोझड़ी देवनारायण मंदिर के पास आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी अंकित गोचर ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधने के लिए आए और 30 से 35 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। सम्मेलन की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। इस कलश यात्रा में महिलाएं देवनारायण के गीतो पर नाचती गाती जा रही थी। कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस सम्मेलन स्थल पहुंची। कलश यात्रा के बाद दूल्हों द्वारा सामूहिक रूप से तोरण मारा गया उसके बाद मंच आकर सामूहिक रूप से वरमाला डाली गई। उसके बाद वर-वधु सामूहिक रूप से फेरो के लिए एकत्र हुए और योग्य पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान से मंत्रोचार से वर-वधु के फेरे करवाए गए। लोगो ने नवदम्पति को परिणय बंधन में बंधने पर बधाई दी और पुष्पवर्षा की गई। फेरो के वक्त लोगो ने कन्यादान में बिछिया, पायल, नकद राशि, आदि दी। सम्मेलन में समाज के भामाशाहो द्वारा भी सहयोग किया गया। यह सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त व पर्यावरण हितकारी होगा। समिति द्वारा प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी का सामान 21 बर्तन, बेड, कूलर, आलमारी, बाटी ओवन, सोने का नाक कांटा, और बिछिया दी जाएगी। समिति द्वारा प्रत्येक जोड़े को मंच पर दिए गए पौधो को हाथ में लेकर पर्यावरण को बचाने की शपथ ली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, मन्नालाल गुर्जर, अध्यक्ष रमेश सुवा, पूर्व अध्यक्ष रामरतन गोचर, सेठ रणजीत गुर्जर, बसंत सरपंच दरा, कुलदीप डायरेक्टर, डॉ.बी.एल.गोचर, सुरेश गुर्जर केमेस्ट्री क्लासेज, रामस्वरूप महाराज, रामनिवास गुर्जर आदि थे।

### महात्मा हंसराज की जयंती मनाई

**कोटा,** (निसं)। आर्य समाज गायत्री विहार कोटा ने डीएवी स्कूल के संस्थापक महात्मा हंसराज की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। आर्य समाज गायत्री विहार के प्रचार मंत्री मुकेश चड्ढा ने बताया कि आर्य समाज गायत्री विहार कोटा की प्रधान डॉ.सुदेश आहूजा ने महात्मा हंसराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महात्मा हंसराज जी ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरणा प्राप्त श्रद्धांजलि स्वरुप 11 जून 1886 को डीएवी स्कूल की स्थापना की। आप प्रथम मुख्य अध्यापक बनकर आजीवन अवैतनिक सेवा देते रहे, आप आर्य समाज अनारकली के प्रधान व आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के अध्यक्ष भी रहे। आपने अपने जीवन काल में शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ अंधविश्वास कुरीतियों के निवारण तथा देश में अकाल व भूकंप आदि में निस्वार्थ सेवा की। धर्मान्तरण के खिलाफ शुद्धि आंदोलन में भी आपका विशेष योगदान रहा। चड्ढा ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ पं.उमेश कुर्मी के पौरोहित्य में देवयज्ञ से हुआ। जिसमें यशवेन्द्र सिंह. सुदेश आहूजा, अरविंद पाण्डेय, द्वारका प्रसाद भार्गव, प्रकाश शर्मा, धर्मेन्द्र आहूजा, मुकेश चड्ढा आदि ने आहुतिया अर्पित की। सुशीला कुर्मी ने अब सोंप दिया इस जीवन का सब भार... गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। उप प्रधान अरविंद पाण्डेय ने प्रार्थना के महत्व पर प्रकाश डाला, शांति पाठ व जयघोष से कार्यक्रम का समापन हुआ।

### विद्युत करंट से दस मवेशी मरे

**छबड़ा,** (निसं)। क्षेत्र की गुगोर ग्राम पंचायत के गांव खेड़ली में विद्युत करंट की चपेट में आने से लगभग 10 गाय व भैंसों की मृत्यु हो गई। ग्रामीण देवेंद्रसिंह खारोल ने बताया कि खेड़ली के माल में बिजली का तार टूटकर गिरने से पशुपालक राजेंद्रसिंह खारोल की 4 भैंसें, रघुवीर की एक भैंस और एक गाय तथा हंसराज मीणा की 2 भैंसें और राधेश्याम खारोल की 1 गाय व 1 बछड़े मृत्यु हो गई। पीड़ित पशुपालकों ने प्रशासन से जर्जर विद्युत लाइनों को दुरुस्त करवाने व उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। सरपंच (प्रशासक) राजेंद्र खारोल ने इस कृत्य पर बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवालियां निशान उठाये हैं। घटना की सूचना मिलने के साथ ही तहसीलदार यादवेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम करवाया। तहसीलदार यादव ने बिजली निगम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और पशु पालकों को उचित मुआवजा दिए के लिए भी आश्वस्त किया। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अंचल में पशुधन ही किसानो के लिए मुख्य आय के स्त्रोत में से एक होता है, ऐसे में पीड़ित पशुपालको को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### भाजपा सरकार महिला विरोधी, संविधान को कमजोर करने की साजिश बेनकाब : राखी गौतम

**कोटा,** (निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोटा अध्यक्ष राखी गौतम ने भाजपा सरकार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मोदी सरकार महिलाओं के सम्मान के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, जो आज पूरी तरह बेनकाब हो गई है। महिला आरक्षण विधेयक सितंबर, 2023 में ही पारित हो चुका था। यदि भाजपा इतनी ही महिला हितैषी होती, तो इसे 2023 में ही लागू कर देती, लेकिन उन्होंने परिसीमन (क्मसपउपजंजपवद) की शर्त जोड़कर इसे उलझाने की कोशिश की। राखी गौतम ने कहा, जल्दबाजी और राजनीतिक लाभ के लिए लाया गया यह असंवैधानिक संशोधन विधेयक, देशहित और लोकतंत्र की कसौटी पर खरा नहीं उतरा। एकजुट विपक्ष ने मजबूती से इस साजिश को रोका और साफ संदेश दिया कि संविधान किसी सरकार की जागीर नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। भाजपा सरकार का मकसद सिर्फ मुद्दों से भटकाना है। वह किसानों, युवाओं और महिलाओं के मुद्दों पर जनता को गुमराह कर रही है। गौतम ने कहा, संविधान के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज देश ने देख लिया कि सत्ता के अहंकार पर लोकतंत्र की जीत हुई हैं। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

### हितेश दयानी अध्यक्ष, नितिन सचदेव सचिव मनोनीत

कोटा, (निसं)। सिंधु यूथ सर्किल की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को किया गया। जिसमे हितेश दयानी को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी दीपक राजानी व अशोक आहुजा ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई। हितेश दयानी अध्यक्ष, नितिन सचदेव सचिव, गिरीश वनवानी को कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया। साथ ही अमित माखीजा सहसचिव, कपिल सेवानी उपाध्यक्ष, तरुण चेनानी सांस्कृतिक सचिव, जितेश चावला खेलकूद मंत्री एवं पंकज हरचंदानी को सोशल मीडिया मंत्री मनोनीत किया गया। ललित अलरेजा संरक्षक, भरत माखीजा को सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यकारिणी का नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बिरला ने सभी को समाहित, राष्ट्रहित व जरूरतमंदों के सेवा करने के लिए प्रेरित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हितेश दयानी ने कहा कि सभी को साथ लेकर टीम भावना से अधिकाधिक जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक सरोकार के कार्य किए जाएंगे।

### काम करने वाली महिला ने दिया ईमानदारी का परिचय, मोबाईल लौटाया

कोटा, (निसं)। घरों पर कार्य करने वाली एक निर्धन महिला ने ईमानदारी का परिचय देते हुए सड़क पर मिला मोबाईल को उसके मालिक तक पहुंचाया है। भाजपा नेता दीपक राजानी ने बताया कि घर पर कार्य करने वाली विदिशा विश्वास को एक महंगा मोबाईल मिला, उसके बाद उन्होंने दीपक को पूरी बात बताई और मोबाईल सम्बंधित को लौटाने का निवेदन किया, दीपक ने इस मामलें में प्रयास किया और दीपा पिंजानी को मोबाईल लौटा दिया। दीपा अपने पौते को छोड़ने शक्ति नगर स्थित एक स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में उनका मोबाईल गिर गया। मोबाईल विदिशा विश्वास को यह मोबाईल रास्ते में मिला, उसके बाद दीपक राजानी के सम्पर्क में आकर दीपा पिंजानी को उनका मोबाईल लौटा दिया गया। मोबाईल लौटाने के बाद परिजनों ने व दीपा ने विदिशा का आभार जताया और इस ईमानदारी के कार्य के लिए उनकी दिल की गहराईयों से प्रसन्शा की।

### प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया

**छबड़ा** (निसं)। ब्राह्मण समाज ने रविवार को भार्गव धर्मशाला में भगवान परशुराम का प्राकट्यय उत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना और आरती की, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान भागवत कथा वाचक पंडित आचार्य रमेशचंद शास्त्री ने भगवान परशुराम की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से सदमार्ग पर चलने और अपने आचार, विचार तथा आचरण में शुद्धता लाने का निवेदन किया।

# भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया

**कोटा,** (निसं)। वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव संभाग भर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि श्रीहरि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया घर-घर में ब्राह्मण बंधुओं ने पूजा-अर्चना की।

वहीं शोभायात्रा आयोजन समिति के संयोजक बाबा शैलेन्द्र भार्गव के नेतृत्व में सुबह 8.30 बजे आयोजन समिति के ब्राह्मण-बंधुओं ने परशुराम वाटिका पहुंचे कर विद्वान पंडितों के साथ बाबा शैलेंद्र भार्गव एवं पंडित विवेक गौतम ने अपने आराध्य भगवान परशुराम की प्रतिमा का मंत्रोच्चरण से पूजा-अर्चना के साथ दुग्ध, जलाभिषेक व रूद्राभिषेक किया तत्पश्चात कतारबद्ध शंख ध्वनि के साथ महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे, अध्यक्षता कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा साथ ही महान सेनानी चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद भी उपस्थित रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा की आज का दिन भगवान परशुराम के जन्म के रूप में मनाया जाता है, जो सत्य, साहस और धर्म की स्थापना के प्रतीक हैं। जब पृथ्वी



कोटा में भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मौजूद रहे।

पर अत्याचारी और अन्यायी राजाओं ने पाप की सीमा पार कर दी थी और प्रजा त्राहि-त्राहि कर उठी थी, तब भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ फरसा (शस्त्र) उठाया।

परशुराम जी ने अन्याय, अहंकार और अत्याचार का अंत कर न्याय की पुनः स्थापना की। उनका उद्देश्य वर्ग विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि अधर्म के खिलाफ खड़ा होना था। वही विधायक संदीप शर्मा ने परशुराम जयंती की बधाई देते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की भगवान परशुराम केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि परम ज्ञानी ऋषि थे। उन्होंने शिवजी से अस्त्र-शस्त्र प्राप्त किए थे और वे विद्या, विवेक और साहस के प्रतीक माने जाते हैं। वे चिरंजीवी और गुरु भी है।

इस अवसर पर रामस्वरूप शर्मा, राजेंद्र गौतम, अनिल तिवारी, रविंद्र त्यागी, प्रदीप दाधीच, ईश्वर शर्मा, धर्मेंद्र दीक्षित, किशन पाठक, विशाल शर्मा, अरुण भार्गव, आकाश भार्गव, डॉ.मनोज शर्मा, लोकपाल जगदीश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, एस.एन. शर्मा, रघुवीर शर्मा, सुनीत शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुनील गौतम, डॉ. मनीष तिवारी, दिलीप औदिच्य, नहुष व्यास, राकेश शर्मा, बालचंद फौजी, लहरी शंकर गौतम, एमएम शर्मा, गोपाल शर्मा, नरेश पालीवाल, नन्द किशोर शर्मा, नवीन शर्मा, ओम प्रकाश टंकारिया, अनिल शर्मा, भारत उपाध्याय, प्रदीप बोहरा, सीता राम शर्मा, देवेंद्र शर्मा, बसंत शर्मा, डॉ.शीला तिवारी, वर्षा दीक्षित, शीला तिवारी, सिंपल शर्मा, सीता शर्मा, गीता शर्मा, प्रमोद शर्मा, सोनू गौतम, ललित शर्मा, नवल शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर श्री मंगलमय चमत्कारी धाम में यज्ञशाला हेतु भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण सम्पन्न

- 6 से 15 मई तक भव्य श्री विनायक स्थापना, नर्मदेश्वर स्थापना, महायज्ञ व भागवत कथा आयोजित
- विधायक संदीप शर्मा ने धर्म ध्वज का पूजन एवं ध्वजारोहण किया

**कोटा,** (निसं)। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रविवार को अभिजीत मुहूर्त में श्री मंगलमय चमत्कारी धाम विज्ञान नगर पर आगामी 6 मई से 15 मई तक आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक कार्यक्रमों के निमित्त यज्ञशाला निर्माण हेतु विधिवत भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण समारोह संपन्न हुआ।

महंत पंडित अशोक तिवारी के सानिध्य में पंडित अशोक, पंडित रामावतार एवं पंडित सुनील द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान से भूमि पूजन कराया गया। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ अर्जित किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में हाड़ौती संत समाज की ओर से महामंडलेश्वर रामदास महाराज (कुन्हाड़ी) एवं महामंडलेश्वर रामदास महाराज (कोटेश्वर लटूरी) ने विधिवत रूप से भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। हरिद्वार से पधारी महामंडलेश्वर मैत्री गिरी एवं महामंडलेश्वर हेमा सरस्वती विशेष रूप से उपस्थित रहीं एवं यज्ञशाला, की नींव रखी। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने संतो के सानिध्य में धर्म ध्वज की पूजा अर्चना की एवं धर्म ध्वजा स्थापित किया। इस अवसर पर अयोध्या धाम से अयोध्याजी सेवा समिति के अध्यक्ष राजानंद शास्त्री, श्री मंगलमय चमत्कारी धाम के महंत पंडित अशोक तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति से जुड़े कपिल शर्मा, सुरेश लखेरा, केके शर्मा कमल, पार्षद विवेक मित्तल, नरेंद्र सोनी, सुरेश प्रजापति, अशोक शर्मा (जवाहर नगर), लोकेश गोयल, मुकेश जैन, महेश विजय, कैलाश अग्रवाल, अनूप शर्मा बंटी, बृजवासी मामाजी, भारत सिह, सुरेंद्र सिह, संदीप जैन, राधेश्याम भारद्वाज, राम अवतार नागर, अंकित सोनी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं श्री मंगलमय चमत्कारी धाम बाल सेना के सदस्य, एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि 6 मई से प्रारंभ होने वाले इस धार्मिक महोत्सव के अंतर्गत श्री विनायक स्थापना, भगवान नर्मदेश्वर की स्थापना, पंचकुंडीय महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं विशाल भंडारा जैसे भव्य आयोजन किए जाएंगे, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

## जोड़े से किया रक्तदान, पारिवारिक माहौल में 23 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटा,** (निसं)। शहर में रक्तदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ती जा रही है। अब आमजन जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ के साथ-साथ अपने दिवंगत परिजनों की पुण्यतिथि पर भी रक्तदान शिविर आयोजित कर मानवता का संदेश दे रहे हैं। रविवार को महावीर नगर द्वितीय स्थित नाथावत परिवार द्वारा स्वर्गीय ठाकुर अखयराज सिंह नाथावत की छठी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सहयोग से किया गया, जिसमें कुल 23 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर संयोजक योगेन्द्र नाथावत एवं महेंद्र सिंह नाथावत ने बताया कि इस आयोजन में नाथावत परिवार व उनके रिश्तेदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी व पूर्व पार्षद सुनील गौतम उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि हर परिवार अपने दिवंगत पूर्वजों की स्मृति में रक्तदान का संकल्प ले, तो विशेषकर गर्मियों में होने वाली रक्त की कमी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। टेक्नो के निदेशक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि शिविर के साथ आयोजित स्वास्थ्य जांच में 73 लोगों की शुगर, 87 लोगों की हीमोग्लोबिन, तथा 83 लोगों का बीपी व वजन जांचा गया। शिविर का शुभारंभ जोड़ों द्वारा रक्तदान कर किया गया, जिसमें योगेन्द्र-राजेश, महेंद्र सिंह-नम्रता एवं गजराज सिंह भाटी-सुमनलता ने रक्तदान कर एक प्रेरणादायक संदेश दिया। इस दौरान प्रमुख रक्तदाता राकेश मित्तल, विमला देवी, चंद्रकला वर्मा ललित गुप्ता, सुमंत मालव, नरेंद्र सिंह प्रथम सिकरवार, मनवीर सिंह, हर्षवर्धन सिंह राठौड़ गजेंद्र सिंह, गजराज सिंह भाटी महावीर बजाज, महेंद्र सिंह नाथावत नम्रता नाथावत, बृजेश कुमार नवीन अग्रवाल मौजूद रहे।

# मादक पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

**भवानीमंडी,** (निसं)। भवानीमण्डी पुलिस द्वारा गली-मोहल्ले मे नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक आरोपी युवक के पास से मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर एक बाईक और नगद राशि जप्त की है। यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर की गई है।

प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी भवानीमंडी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ व आपराधिक घटनाओं कि रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत मय जाप्ता द्वारा दौराने गश्त पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने जयपुरिया मील भवानीमण्डी थाना भवानीमंडी से मुलजिम महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करते हुये मुलजिम के कब्जे 11 ग्राम 15 मिलीग्राम एमडीएमए पाउडर (मैथीलीन डाईऑक्सी मैथेम्फेटामाईन) एक मोटरसाईकिल व बेचान राशी 8 हजार



भवानीमण्डी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए बाईक व अन्य सामान जब्त किये हैं।

रूपये को जप्त कर मुलजिम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओ में प्रकरण दर्ज किया गया।

आरोपी द्वारा अवैध मादक पदार्थ की खरीद कर उसकी खपत कहां-कहां की जानी थी तथा अवैध मादक पदार्थों के तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग सम्मिलित है इस संबंध में आरोपी से गहनता से अनुसंधान जारी है।

## अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित करने वाले खातेदारों, व्यक्तियों के खिलाफ होगी कार्यवाही

- बिना स्वीकृति विकसित की गई कॉलोनियों में भूखण्ड खरीदने से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के लिए संबंधित क्रेता स्वयं उत्तरदायी होगा

**छबड़ा** (निसं)। नगर में अवैध कॉलोनियों के भूखण्ड क्रय-विक्रय किए जाने वालों की अब खैर नही है। पालिका प्रशासन ऐसे लोगो के खिलाफ कार्यवाही करेगा। पालिका प्रशासन ने आमजन से अवैध कॉलोनियों में भूखण्ड खरीदने से बचने तथा ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी नगरपालिका को प्रदान करने की अपील की है ताकि नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

ईओ संदीप गहलोत के अनुसार कुछ संबंधित खातेदारों, व्यक्तियों द्वारा बिना सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की स्वीकृति एवं बिना भूमि कनवर्जन कराए अवैध रूप से कॉलोनियों काटकर उनके भूखण्डों (प्लॉटो) का बेचान किया जा रहा है। यह कार्य नियमों के विरुद्ध है तथा ऐसे भूखण्डों का क्रय-विक्रय भविष्य में विवाद एवं कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है। इसलिए आमजन किसी भी प्रकार का भूखण्ड क्रय करने से पूर्व संबंधित भूमि का कनर्वजन आदेश, सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की स्वीकृति एवं नगरपालिका से अनुमोदन की जांच अवश्य करें।

बिना स्वीकृति विकसित की गई कॉलोनियों में भूखण्ड खरीदने से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के लिए संबंधित क्रेता स्वयं उत्तरदायी होगा। पालिका द्वारा अवैध रूप से कॉलोनियाँ विकसित करने वाले खातेदारों, व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें कार्य रुकवाना, नोटिस जारी करना, दंडात्मक कार्रवाई एवं आवश्यकतानुसार अवैध निर्माण/विकास को हटाने की कार्रवाई शामिल होगी। ईओ के अनुसार स्टेट हाई-वे पर स्थित कॉलोनियो में स्टेट हाई-वे के मध्य से 40 मीटर रोड साइड छोडकर ही भूखण्ड खरीदे। नगरपालिका क्षेत्र में स्थित अवैध कालोनियो के सर्वे के लिए नगर के हल्का पटवारी को अवगत करवा दिया गया है। हल्का पटवारी द्वारा अवैध कॉलोनियों का सर्वे किया जा रहा है।

## निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**कोटा,** (निसं)। अमृत सेवा संस्थान एवं यादव समाज गूंज महिला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रामलीला दशहरा मैदान, सीएडी सर्किल, कोटा पर निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में हाड़ौती संभाग सहित मध्यप्रदेश तक से आए कुल 25 जोड़े पारंपरिक वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच विवाह बंधन में बंधे। विशेष उल्लेखनीय रहा कि इन 25 जोड़ों में एक दिव्यांग जोड़ा भी शामिल रहा, जो उपस्थित जनसमुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में समानता, सहयोग और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।

## युवक पर जानलेवा हमला

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में कुछ बदमाशों ने एक युवक पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया, युवक को घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार पीयूष जेठी नाम के युवक पर रंजिश के चलते 7-8 बदमाशों ने चाकू सरिये सहित अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया और हमलावर मौके से फरार हो गये।

हमले में घायल पीयूष जेठी को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। नान्ता थाने के थानाधिकारी महेश कुमार आरपीएस (प्रो.) ने बताया कि इलाके के निवासी पीयूष जेठी पर कुछ बदमाशों ने हमला कर उसे घायल कर दिया।

थानाधिकारी ने बताया कि हमले में घायल युवक की रिपोर्ट पर दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, मामले की जांच कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

झगड़े में छात्र घायलः- वहीं जवाहर नगर थाना इलाके में कुछ छात्रों द्वारा किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक छात्र के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में भाजपा नेता दीपक राजानी के नेतृत्व में व्यापारियों ने परिजनों के साथ जवाहर नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि नाबालिग छात्रों में झगड़े का मामला सामने आया, व्यापारियों ने मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है, फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अक्षय तृतीया पर कई युवा बने हमसफर

**छबड़ा** (निसं)। अक्षय तृतीया के अबूझ सावा होने पर कई स्थानों पर शादी समारोह की धूम रही, वहीं शुभमुहूर्त में किसानों ने हल जोत कर खेतों में हंकाई की शुरूआत की। तो शुभ मुहूर्त में दूल्हा-दुल्हन ने अग्नि को साक्षी मानकर जीवन साथी का हाथ थामा, फेरे लेकर एक-दूसरे का जीवनभर साथ निभाने का वचन लिया। परिजनों वे उन्हें शुभाकामनाएं, आशीर्वाद व उपहार दिए। वहीं शहर में कई मैरिजहॉल में शहनाई गूंजी, कहीं बारात में विवाह का उल्लास छाया हुआ था तो कहीं बेटी की विदाई का माहौल।

अक्षय तृतीया पर रविवार को खूब खरीदारी हुई और बाजारों में चहल-पहल रही। ऐसे में व्यापारियों के चेहरे भी खिले रहे। आभूषणों के साथ अन्य उत्पादों की भी खूब खरीदारी हुई। वहीं, यहां शादियां भी बडी संख्या में हुई। ऐसे में देर रात तक सड़कों पर चहल-पहल रही। वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है।

यह तिथि खरीदारी समेत सभी मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मानी जाती है। साथ ही अबूझ मुहूर्त वाली तिथि है, जिसे स्वयं सिद्ध तिथि भी कहते हैं। व्यापारियों को अक्षय तृतीया से काफी उम्मीद थी और सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए पहुंचने लगे थे। सर्राफा की दुकानों पर भी रौनक रही। नए-नए डिजाइन के आभूषणों को पसंद किया गया। काफी लोगों ने इस तिथि पर डिलीवरी के लिए पहले ही आभूषण बनने के लिए दिए हुए थे। शहर की सर्राफ की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली। सर्राफा व्यापारी बताते है कि कुल मिलाकर कारोबार ठीक रहा। हालांकि ज्यादातर ग्राहक सामान्य रूप से खरीदारी करने वाले थे। कुछ लोगों ने शगुन के रूप में कोई हल्की ज्वैलरी खरीदी है।

वहीं, बर्तनों के साथ ही इलेक्ट्रानिक उत्पाद और दोपहिया वाहनों की भी बिक्री हुई। व्यापारी वर्ग का मानना है कि इस बार कारोबार का संतोषजनक रहा है। गर्मी को देखते हुए ज्यादातर लोग रात की शादी कर रहे हैं। ऐसे में शाम से ही सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बढ गई थी। पंडित सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में प्रत्येक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त की आवश्यकता होती है। लेकिन शास्त्रों के अनुसार कुछ ऐसी तिथि होती हैं, जिसमें शुभ मुहूर्त जानने की जरूरत नहीं होती है। उन्हीं में से एक अक्षय तृतीया भी है।

# कोटा में मीडिया द्वारा आध्यात्मिक जागरण से विश्व परिवर्तन विषय पर सेमिनार आयोजित

**कोटा,** (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कमला उद्यान, कोटा में मीडिया द्वारा आध्यात्मिक जागरण से विश्व परिवर्तन विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से आए मीडिया प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमारी मीडिया प्रभारी एवं मधुबन न्यूज के चीफ एडिटर बीके कोमल भाई ने मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा

- कोटा में मीडिया द्वारा आध्यात्मिक जागरण से विश्व परिवर्तन विषय पर सेमिनार आयोजित



कोटा में मीडिया द्वारा आध्यात्मिक जागरण से विश्व परिवर्तन विषय पर आयोजित सेमिनार में मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया।

कि मीडिया प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों को राजयोग मेडिटेशन अपनाना चाहिए, जिससे उनके जीवन में सकारात्मकता का विकास होगा, मन शांत रहेगा और वे अपने कार्य को और अधिक प्रभावी तथा संतुलित ढंग से कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने सभी को माउंट आबू आने का निमंत्रण भी दिया। इंदौर से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके अनीता दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया कर्मी देश की सेवा तो करते ही हैं, लेकिन उन्हें स्वयं की आंतरिक शांति और सशक्तिकरण के लिए भी नियमित मेडिटेशन करना चाहिए।

उन्होंने सभी को आत्मिक उन्नति के लिए प्रेरित किया। आशीर्वचन देते हुए कोटा संभाग प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने पवित्र ब्रह्माभोजन ग्रहण किया तथा आध्यात्मिक आर्ट गैलरी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम ने उपस्थित सभी मीडिया कर्मियों के मन में आध्यात्मिक जागरूकता और सकारात्मक सोच का संदेश स्थापित किया।